# प्रेस नोट - थाना तिलहर

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनाँक – 16.08.2026

### थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 03 लाठी-डण्डे बरामद

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/ वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनाँक 13.08.2026 को वादी श्री सोनपाल पुत्र केदार निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा एक किता तहरीर बाबत अभियुक्तगणों द्वारा एक राय होकर वादी के भाई सुरेन्द्र पुत्र केदार को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुये लाठी, डंडो व बांके से मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बन्ध मे दाखिल की । दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 430/26 धारा 191(2)/191(3)/352/351(3)/103(1)/3(5) बीएनएस बनाम 01.सुखदेव पुत्र हरिश्चन्द्र, 02. वासुदेव पुत्र राजकुमार, 03. सतीश पुत्र गंगाराम, 04. अमित पुत्र रामऔतार, 05. दिलीप पुत्र रामऔतार, 06. वी0पी0 पुत्र नन्दराम, 07. गोविन्द पुत्र मेहरबान, 08. सुरेन्द्र प्रधान पुत्र नामालूम निवासीगण ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर के विरूद्ध पंजीकृत हुआ। मुकदमा उपरोक्त में चल रहे वांछित अभियुक्तगण 01.गोविन्द पुत्र मेहरबान उम्र करीब 18 वर्ष 02.वासुदेव पुत्र राजकुमार उम्र करीब 20 वर्ष 03.सुखदेव पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष निवासीगण ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर दिनांक 16.08.2026 को खानपुर चौराहे के पास से आवश्यक बल प्रयोग करते हुए नियमानुसार समय 13.40 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त तीन अदद लाठी डण्डा बरामद किये गये। शेष वांछित अभियुक्तगण की तलाश जारी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1. गोविन्द पुत्र मेहरबान उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. वासुदेव पुत्र राजकुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
3. सुखदेव पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम सहवेगपुर थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान,दिनांक/समय-**

खानपुर चौराहे के पास से, दिनांक 16.08.2026 को समय 13.40 बजे।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 430/26 धारा 191(2)/191(3)/352/351(3)/103(1)/3(5) बीएनएस थाना तिलहर,शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण-**

03 अदद लाठी-डण्डा

**अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री प्रभाष चन्द्र थाना तिलहर
2. उ0नि0 श्री सौरभ शुक्ला थाना तिलहर
3. का0 2212 विनय कुमार थाना तिलहर
4. का0 1720 दीपेन्द्र कुमार थाना तिलहर
5. रि0आ0 तरूण कुमार थाना तिलहर